तापमान
अधिकतम 33.6°C
न्यूनतम 18.0°C

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 22 जुलाई 2026

11 खेल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दम

12 अदिति श्योराण को मिला अचीवर्स अवार्ड


## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर महिला से धक्का-मुक्की, मारपीट

**गन्नौर।** गांव सैय्या खेड़ा में देर रात घर में घुसकर महिला से धक्का-मुक्की करने और विरोध करने पर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत में गांव निवासी अनु ने बताया कि 19 जुलाई की रात वह बच्चों के साथ बरामदे में सो रही थी, जबकि उसका पति सुरेंद्र कमरे में था। रात करीब दो बजे आहट होने पर उसकी आंख खुली तो उसने गांव के विजय को घर के अंदर खड़ा देखा। आरोप है कि कारण पूछने पर विजय ने उसके साथ धक्का-मुक्की की। शोर सुनकर पति और ससुर बाहर आए तो गली में अजय, विष्णु, रोहताश और नरेश डंडे लेकर खड़े मिले। आरोप है कि सभी ने मिलकर सुरेंद्र, राजेंद्र, अजीत और अंकित के साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए कार में फरार हो गए।

### कंटेनर से टकराया ट्रक, चालक की मौत

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित लड़सौली फ्लाईओवर पर आगे चल रहे कंटेनर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रहा ट्रक उससे टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। थाना बड़ी पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।शिकायत में उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव लालपुर माजरा निवासी योगेंद्र ने बताया कि वह और उसके गांव का विनोद ट्रक पर चालक व परिचालक के रूप में काम करते थे। 20 जुलाई को दोनों लुधियाना से कोरियर का सामान लेकर दिल्ली जा रहे थे। आरोप है कि लड़सौली फ्लाईओवर पर आगे चल रहे कंटेनर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे उनका ट्रक कंटेनर से टकरा गया। हादसे में चालक विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### मारपीट के बाद युवक पर चाकू से हमला,

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राहुल और दीपक निवासी खेवड़ा कॉलोनी, के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार, 22 जून को जमालुदीन ने शिकायत दी थी कि 20 जून को उसके बेटे सलीम का उधार के 300 रुपये को लेकर दीपक से विवाद हो गया था। बीच-बचाव के बाद जब सलीम घर लौट रहा था तो राहुल ने बाइक से उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि राहुल, दीपक व अन्य ने मारपीट के सलीम को चाकू मार दिया।

# किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान पर सोनीपत की सीमाएं सील, हाइवे पर दिनभर रेंगते रहे वाहन

## कुंडली, भिगान, हल्दाना और औचंदी बॉर्डर पर कड़ा पहरा
## 10 लेयर सुरक्षा और सघन जांच से हजारों वाहन प्रभावित

पुलिस आयुक्त ने जांची सुरक्षा व्यवस्था, कमांडो दस्ता अलर्ट मोड पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अमेरिका-भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते के विरोध में किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान को देखते हुए मंगलवार को सोनीपत जिले की दिल्ली से लगती सीमाओं पर दिनभर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। कुंडली, भिगान टोल प्लाजा, हल्दाना और औचंदी बॉर्डर पर पुलिस ने बहुस्तरीय बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन जांच की। इसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग-44 सहित दिल्ली की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और हजारों यात्रियों को जाम की परेशानी झेलनी पड़ी।

पुलिस ने सोमवार देर रात से ही सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया था। हल्दाना बॉर्डर पर 10 लेयर का सुरक्षा घेरा बनाया गया, जबकि भिगान टोल प्लाजा पर तीन लेयर की बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच की गई। हल्दाना बॉर्डर पर पुलिस की दो कंपनियां तैनात रहीं, वहीं भिगान टोल प्लाजा पर करीब 100 पुलिसकर्मियों के अलावा 50 जवान रिजर्व में रखे गए। कमांडो दस्ते को भी अलर्ट मोड पर रखा गया। मंगलवार सुबह से ही दिल्ली की ओर जाने वाले प्रत्येक वाहन की पहचान, यात्रा का उद्देश्य और गंतव्य की जानकारी लेने के बाद ही आगे जाने दिया गया। जांच प्रक्रिया धीमी होने के कारण कुंडली बॉर्डर और भिगान टोल प्लाजा पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

सामान्य दिनों में कुछ मिनट में पार होने वाले मार्ग को पार करने में लोगों को काफी समय लगा। दोपहर बाद पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने कुंडली बॉर्डर और भिगान टोल प्लाजा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। इसके बाद अतिरिक्त लेन खोलकर वाहनों की आवाजाही तेज करने का प्रयास किया गया। हालांकि शाम तक भी कई स्थानों पर यातायात का दबाव बना रहा। शाम करीब पांच बजे के बाद बैरिकेड हटाने शुरू किए गए और स्थिति सामान्य होने लगी।


सोनीपत। कुंडली और औचंदी बॉर्डर पर तैनात पुलिस कर्मी।

### सीमाओं पर लगातार रही निगरानी

पूरे दिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त करते रहे। दिल्ली जाने वाले मार्गों पर सुरक्षा बलों की तैनाती बनी रही। पुलिस की विशेष नजर उन लोगों पर रही, जिनके दिल्ली कूच में शामिल होने की संभावना थी। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल बदले हुए हुलिये में दिल्ली सीमा तक पहुंच गए। वहीं महिला कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली जा रहीं कांग्रेस नेता नीलम बाल्याण को भी पुलिस ने सीमा पर रोक दिया।


सोनीपत। जीटी रोड पर चैकिंग के दौरान लगा वाहनों का जाम। फोटो : हरिभूमि

### गोहाना में किसानों को कूच से रोका

गोहाना क्षेत्र से दिल्ली कूच के लिए निकले किसानों को बड़ौता फ्लाईओवर के पास रोक दिया गया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर वाहनों को आगे नहीं बढ़ने दिया और कुछ किसान नेताओं को हिरासत में लेकर सदर थाना पहुंचाया। कुछ किसानों ने खेतों के रास्ते आगे बढ़ने का प्रयास भी किया।

#### दिनभर रही सुरक्षा व्यवस्था

- कुंडली, भिगान, हल्दाना और औचंदी बॉर्डर पर बहुस्तरीय बैरिकेडिंग
- हल्दाना बॉर्डर पर 10 लेयर सुरक्षा घेरा
- भिगान टोल पर तीन लेयर जांच और करीब 100 पुलिसकर्मी तैनात
- कुंडली और भिगान क्षेत्र में सुबह से लंबा जाम लगा रहा
- पुलिस आयुक्त ने संभाली व्यवस्था
- शाम बाद बैरिकेड हटने से यातायात सामान्य होने से लोगों ने राहत की सांस ली

### पुलिस आयुक्त ने लिया जायजा



**गन्नौर।** पंजाब के किसानों के प्रस्तावित दिल्ली कूच को देखते हुए प्रशासन ने गन्नौर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। हल्दाना बॉर्डर और भिगान टोल प्लाजा पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हल्दाना बॉर्डर पर 10 लेयर का सुरक्षा घेरा बनाया गया है, जबकि भिगान टोल प्लाजा पर तीन लेयर की बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। हल्दाना बॉर्डर पर पुलिस की दो कंपनियां तैनात की गई हैं। वहीं, भिगान टोल प्लाजा पर करीब 100 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा 50 जवानों को रिजर्व में रखा गया है, जबकि कमांडो दस्ता भी अलर्ट मोड पर है। तीन स्तर की बैरिकेडिंग के बीच वाहनों की जांच की जा रही है। सोनीपत पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने स्वयं हल्दाना बॉर्डर और भिगान टोल प्लाजा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा।

## रुपेश और रोहित का अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में चयन



**गोहाना।** बली गांव स्थित ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त कुश्ती अकादमी के दो उदीयमान पहलवान रुपेश और रोहित अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं। ये दोनों पहलवान फ्री स्टाइल कुश्ती में क्रमश: 57 व 65 किलोग्राम भारवर्ग में विदेशी धरा पर अपनी ताकत का दम दिखाएंगे। इन दोनों पहलवानों को मंगलवार को अकादमी में सम्मानित किया गया। विश्व चैंपियनशिप 16 से 23 अगस्त तक स्लोवाकिया में आयोजित होगी। इस चैंपियनशिप में विश्व के कोने-कोने से अनेक दिग्गज पहलवान अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करेंगे। पहलवान रुपेश और रोहित का इस चैंपियनशिप के लिए चयन 16 जुलाई को लखनऊ में आयोजित ट्रायल के माध्यम से किया गया। खिलाड़ियों के इस चयन को लेकर कुश्ती अकादमी में खुशी का माहौल है। पहलवान योगेश्वर दत्त, द्रोणाचार्य अवार्डी कोच रामफल मान, डॉ. संजीत मलिक, नरेंद्र दलाल, मनोज और अमित दहिया ने इन दोनों पहलवानों को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मलिकपुर में किशोरी का शव मिलने के मामले में हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मुरथल थाना क्षेत्र के गांव मलिकपुर में पंचायत भूमि स्थित तालाब के निकट गड्ढे से किशोरी का शव मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। घटना के चार दिन बाद भी मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, जांच के दौरान संदेह के घेरे में आए दंपती का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार 18 जुलाई को तालाब के पास कुत्तों द्वारा मिट्टी खोदने के दौरान किशोरी का शव दिखाई देने पर घटना का खुलासा हुआ था।

सूचना मिलने पर पुलिस, एफएसएल टीम और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। शव को कब्जे में लेकर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। चिकित्सकों ने मौत के कारण पर अंतिम राय सुरक्षित रखते हुए विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार करने की बात कही है। मंगलवार को गांव के सरपंच विक्की के पिता सुरजीत की शिकायत पर मुरथल थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की।




- जांच के दौरान संदेह के घेरे में आए दंपती का अब तक कोई सुराग नहीं मिला

जांच के दौरान पुलिस ने पीजीआई रोहतक से एक किशोरी की मौत से संबंधित रिकॉर्ड भी अपने कब्जे में लिए हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यदि मौत सामान्य परिस्थितियों में हुई थी तो शव को गुप्त रूप से दफनाने की जरूरत क्यों पड़ी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मृतका की पहचान और संदिग्धों की तलाश के प्रयास लगातार जारी हैं तथा मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी दुकानदार गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 साल की बालिका को दुकान पर बुलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बालिका की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मुरथल क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार को वह काम से खेत में गई थी। घर वापस लौटने पर 13 वर्षीय बेटी ने आपबीती बताते हुए कहा कि पड़ोस में दुकान चलाने वाले आशीष ने उसे दुकान के अंदर बुलाया और उसके साथ गलत काम किया। मामले की जांच अधिकारी उप निरीक्षक बबली ने बताया कि पीड़िता के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए गए हैं। साथ ही महिला विशेषज्ञ और लीगल एड के माध्यम से उसकी काउंसलिंग भी कराई गई है। पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए करीब 30 वर्षीय आरोपित आशीष को धर दबोचा। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी काबू

**खरखौदा।** खरखौदा थाना पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ में आए आरोपित की पहचान हिमांशु के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को खरखौदा क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात को सोते समय उनकी नाबालिग बेटी अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों ने हिमांशु नाम के युवक पर शक जताया था। मामले की जांच कर रहे सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र की टीम ने कार्रवाई करते हुए पहले बालिका को सकुशल बरामद किया और उसके बाद आरोपित हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया।

### दिल्ली-पानीपत रेल मार्ग पर प्रभावित हुआ संचालन, यात्रियों को झेलनी पड़ी परेशानी

# मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतरे, दो पैसेंजर ट्रेनें रद्द, चार एक्सप्रेस ट्रेनें घंटों देरी से पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गाजियाबाद-दिल्ली रेल मार्ग पर मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतरने के कारण मंगलवार को दिल्ली-पानीपत रूट पर ट्रेनों का आवागमन प्रभावित रहा। रेलवे ने एहतियात के तौर पर पानीपत से गाजियाबाद रूट पर चलने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों का संचालन रद्द कर दिया, जबकि कई एक्सप्रेस ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। इसके चलते दैनिक यात्रियों सहित अन्य यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हादसे के बाद रेलवे ने ट्रेन संख्या 64533-34 पैसेंजर ट्रेन का परिचालन रद्द कर दिया। वहीं, इस रूट से गुजरने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ। ट्रेन संख्या 14507 बठिंडा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 4 घंटे 40 मिनट, 14679 दिल्ली-अमृतसर सुपर एक्सप्रेस 4 घंटे, 12057 जनशताब्दी एक्सप्रेस 3 घंटे 15 मिनट और 18309 जम्मूतवी एक्सप्रेस 1 घंटे 15 मिनट की देरी से चली। लंबी दूरी की ट्रेनों के देरी से चलने के कारण लोकल ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। वहीं, पैसेंजर ट्रेनों के रद्द होने से गाजियाबाद-पानीपत रूट पर यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी हुई। कई यात्रियों को बसों और निजी वाहनों का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों का लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। ट्रेनों के देरी से आने के कारण स्टेशनों पर भीड़ भी बढ़ गई।


सोनीपत। स्टेशन पर खड़ी पैसेंजर ट्रेन और मौजूद यात्री।

### ट्रैक को जल्द बहाल होने की संभावना

गाजियाबाद-दिल्ली रेल मार्ग पर मालगाड़ी के डिरेल होने से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। पानीपत से गाजियाबाद जाने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं। ट्रैक को जल्द बहाल कर ट्रेनों का संचालन सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**- हिमांशु शेखर उपाध्याय,** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

## ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**गन्नौर।** गढ़ी झंझारा रोड पर डीएवी स्कूल के सामने और राजकीय स्कूल के पास अलग-अलग घटनाओं में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, जबकि दूसरे की पहचान कर ली गई है। जीआरपी ने दोनों मामलों में कार्रवाई शुरू कर दी है। गढ़ी झंझारा रोड पर डीएवी स्कूल के सामने एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी गन्नौर मौके पर पहुंची और शव की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शव क्षत-विक्षत होने के कारण पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सोमवार रात युवक रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान वह कटरा से अहमदाबाद जा रही सुपर हापा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया।

पुलिस ने शव को सोनीपत सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवाया है और पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, गढ़ी झंझारा के राजकीय स्कूल के सामने रेलवे ट्रैक पार करते समय 22 वर्षीय मजदूर राहुल की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। राहुल करनाल जिले के घरौंडा क्षेत्र के गांव भरतपुर का रहने वाला था और वर्तमान में जफरपुर में अपनी मां व पत्नी के साथ रह रहा था। वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था।

## लग्जरी गाड़ियों को सस्ते दाम में बेचने का झांसा देकर 72.41 लाख की ठगी

गोहाना। रेंट पर ली गई लग्जरी गाड़ियों को सस्ते दाम में बेचने का झांसा देकर 72.41 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। गांव मुंडलाना निवासी युवक की शिकायत पर डीसीपी कार्यालय के निर्देश के बाद सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता राहुल ने पुलिस को बताया कि वह पिछले करीब एक वर्ष से बड़ौता के पास सेल-परचेज का कारोबार करता है। उसकी पहचान दिल्ली निवासी अमन उर्फ विक्की से थी। आरोप है कि जुलाई 2025 में अमन ने उसे कम कीमत पर हैरियर, ब्रेजा, थार, फॉर्च्यूनर, बैलेनो, सोनेट, वेन्यू, जी-300, थार रॉक्स और फ्रोंक्स समेत कई लग्जरी गाड़ियां उपलब्ध कराने का झांसा दिया। राहुल के अनुसार, अमन ने अपने साथियों आशीष कपूर, अमित राणा और रिचा शर्मा को अपना पार्टनर बताते हुए उनसे भी बातचीत कराई। सभी ने भरोसा दिलाया कि गाड़ियां वैध हैं और उनके दस्तावेज दो-तीन दिन में उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इसके बाद उसने अलग-अलग किस्तों में ऑनलाइन और नकद मिलाकर आरोपितों को 72.41 लाख रुपये दे दिए। आरोप है कि पैसे लेने के बाद आरोपित गाड़ियों के दस्तावेज देने में आनाकानी करने लगे। हर बार नई गाड़ी देने या पुरानी बदलने की बात कहकर मामला टालते रहे। बाद में कई गाड़ियां दूसरी चाबी के माध्यम से उठवा ली गईं। राहुल ने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो वाहन मालिकों ने बताया कि उन्होंने गाड़ियां केवल रेंट पर दी थीं, बेचने के लिए नहीं। आरोप है कि इसके बाद आरोपितों ने धमकी दी और कहा कि उनका यही काम है तथा उनके प्रभावशाली लोगों से संबंध हैं।



# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

लाइफ Style



# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।

हॉलीवुड मसाला




## पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



## अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



## सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



## मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

टीवी मसाला



## ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

### दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का



नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।

## थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

### जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।




## विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए



बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'

***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

### वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?





### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट से लौट रहे दो भाइयों पर हमले में तीन नामजद

**खरखौदा।** कोर्ट से लौट रहे दो भाइयों पर लाठी-डंडों से हुए हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों में आकाश, मनीष और एक अन्य युवक शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। फरमाना गांव निवासी अनुज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई के साथ न्यायालय से वापस लौट रहा था।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपित काबू

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान आशीष निवासी गांव ग्यासपुर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

### मानव अधिकार संरक्षण संघ ने बल प्रयोग की निंदा की

**सोनीपत।** मानव अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने दिल्ली में पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक और अन्य प्रदर्शनकारियों को कथित रूप से हटाए जाने, जंतर-मंतर जा रहे लोगों को रोके जाने तथा लाठीचार्ज, अश्रुगैस और बल प्रयोग की घटनाओं की निंदा की है। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने और विरोध दर्ज कराने का अधिकार देता है। प्रशासन को संवाद और कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए।

### प्रदेशभर में सांस्कृतिक उत्सव पर खर्च होंगे 43.94 लाख , 22 जिलों के 2197 स्कूलों को बजट जारी

# खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आगाज राजकीय विद्यालयों के छात्र बिखेरेंगे छटा

*राई ब्लॉक से 22 जुलाई को प्रारंभ होकर 28 को सोनीपत में होगा खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव, खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी कार्यक्रमों के माध्यम से हरियाणा की संस्कृति को करेंगे प्रदर्शित, खंड स्तर से लेकर विजेता विद्यार्थियों को जिला, प्रदेश, फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को दिखाने का मिलेगा अवसर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में आयोजित होने वाले खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का बुधवार को राई ब्लॉक के राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, बीसवां मील से आगाज होने जा रहा है। 28 जुलाई तक चलने वाले सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए मंच मिलने के बाद संस्कृति की छठा बिखेरने का अवसर मिलेगा। इसके बाद अगस्त माह में जिलास्तर पर सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रदेशभर के राजकीय विद्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक उत्सव में पुरस्कारों पर 43.94 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए 22 जिलों के 2197 प्रत्येक स्कूलों के लिए 2000 रुपये के हिसाब से बजट जारी किया गया है। इसके अंतर्गत सोनीपत के 77 स्कूलों के लिए 1 लाख 54 हजार रुपये की राशि जारी हुई है। जिला समन्वयक एवं राष्ट्रपति अवॉर्डी सुनीता ढुल ने बताया कि सांस्कृतिक उत्सव इस बार हरियाणा की विरासत, संस्कृति, नैतिक मूल्य और पर्यावरण थीम पर आधारित रहेगा। उत्सव में पहले तीन स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही उन्हें जिलास्तर पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। सांस्कृतिक उत्सव में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को दो समूहों में विभाजित किया गया है। एक समूह में कक्षा 5वीं से 8वीं, दूसरे समूह में 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है।



सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

#### विजेताओं को दिया जाएगा नकद पुरस्कार

जिले में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव की शुरुआत बुधवार से होने जा रही है। उत्सव के माध्यम से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकेंगे। विभिन्न स्पर्धाओं में पहले तीन स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को जिलास्तर पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। विजेता रहे विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जाएगा।
-**नवीन गुलिया,** जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

#### खंडस्तरीय विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप मिलेगी यह राशि

| स्पर्धा | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | सांत्वना |
|---|---|---|---|---|
| समूह लोक नृत्य | 3000 | 2500 | 2000 | 800 |
| लोक नृत्य एकल | 2000 | 1500 | 1000 | 800 |
| रागिनी एकल | 2000 | 1500 | 1000 | 800 |
| स्किट समूह | 3000 | 2500 | 2000 | 800 |

#### खंड अनुसार कब-कहां होगा सांस्कृतिक उत्सव

**राई** : 22 जुलाई को राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, बीसवां मील
**खरखौदा** : 23 जुलाई को पीएमश्री राजकीय विद्यालय, खरखौदा
**गन्नौर** : 24 जुलाई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजपुर
**मुंडलाना** : 25 जुलाई को राजकीय कन्या विद्यालय, बुटाना
**कथूरा** : 25 जुलाई को राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, भैंसवान खुर्द
**गोहाना** : 27 जुलाई को राजकीय कन्या विद्यालय, बिधलान
**सोनीपत** : 28 जुलाई को पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय, मुरथल अड्डा

## न्यूज डायरी

### ठेका सफाई कर्मियों ने आश्वासन पर समाप्त किया धरना



**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग वाली सेना सोनीपत का धरना 33वें दिन जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक, संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। यूनियन कर्मचारियों ने पहले निगम के गेट, फिर आयुक्त कार्यालय के प्रदर्शन किया। इसके बाद संयुक्त आयुक्त ने ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के सचिव महासंघ के साथ बैठक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को नहीं हटाया जाएगा और न ही छटनी की जाएगी। एक से दो दिन के अंदर सभी कर्मचारियों के नाम पोर्टल पर ले लिए जाएंगे। बता दें कि फिलहाल पोर्टल पर 775 में से 300 कर्मचारियों का नाम ही दर्ज किया गया है। ऐसे में शेष कर्मचारी अपनी मांगों पर धरनारत थे। संयुक्त आयुक्त से मिले आश्वाशन के बाद यूनियन जॉन 1 के सभी कर्मचारियों ने ड्यूटी पर वापस लौटने का निर्णय लिया। इसके बाद धरने को समाप्त किया गया।

### मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन के दिए टिप्स



**सोनीपत।** गढ़ी ब्राह्मणन गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना के तहत किशोरों की मानसिक सेहत पर केंद्रित मनोवैज्ञानिक परामर्श सत्र 'सवाल आपके-जवाब हमारे' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी रोहतक अनिल मलिक ने विद्यार्थियों के पढ़ाई और भविष्य का तनाव, मूड स्विंग, साथियों का दबाव, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, स्क्रीन टाइम, अकेलापन और माता-पिता के साथ वैचारिक मतभेद जैसे सवालों के जवाब दिए। अनिल मलिक ने कहा कि किशोरावस्था परिवर्तन और विकास का महत्वपूर्ण दौर है। इस समय मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को परिणाम के बजाय सीखने की प्रक्रिया पर ध्यान देने, गुस्से में तुरंत प्रतिक्रिया न देने, अपनी पहचान और संस्कारों से समझौता न करने तथा रील और वास्तविक जीवन का अंतर समझने की सलाह दी।

### ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दम

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन की प्रतिस्पर्धाओं का शुभारंभ द्रोणाचार्य अवार्डी एवं प्रताप स्कूल के खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया तथा प्राचार्या दया दहिया ने पहलवानों के बीच बाउट आरंभ करवाकर किया। कुश्ती प्रतियोगिता अंडर -17 फ्री स्टाइल के 45 किग्रा भार वर्ग में परमजीत सिंह, प्रताप स्कूल (प्रथम), कृष पैरामाउंट स्कूल फरमाणा (द्वितीय), 48 किग्रा भार वर्ग में लविश (प्रथम) बाबा छोटूनाथ स्कूल सिसाना, प्रिंस (द्वितीय) प्रताप स्कूल, 51 किग्रा: उमंग (प्रथम) प्रताप स्कूल , यश पैरामाउंट स्कूल फरमाणा (द्वितीय) 55 किग्रा भार वर्ग में शुभम (प्रथम) राजकीय स्कूल खांडा, परवेश राजकीय स्कूल सैदपुर (द्वितीय), 60 किग्रा: ईशांत कुमार (प्रथम) प्रताप स्कूल, सोम अमर स्पोर्ट्स स्कूल सेहरी (द्वितीय), 65 किग्रा भार वर्ग में हेमंत (प्रथम), सीएमइइइ स्कूल फरमाणा, शिवा तंवर, प्रताप स्कूल (द्वितीय), 71 किग्रा भार वर्ग में अभिषेक कुंडू (प्रथम) प्रताप स्कूल, अरमान सीएमइइइ स्कूल फरमाणा (द्वितीय), 80 किग्रा भार वर्ग में योगेश (प्रथम) प्रताप स्कूल, पारस एमडी स्कूल पिपली (द्वितीय), 92 किग्रा भार वर्ग में विजय सीएमइइइ स्कूल फरमाणा (प्रथम), अर्पण प्रताप स्कूल (द्वितीय) 110 किग्रा भार वर्ग में ऋषभ सीएमइइइ स्कूल फरमाणा प्रथम रहे।


खरखौदा। मुकाबले का शुभारंभ करते ओमप्रकाश दहिया।

### कांग्रेस ने मनाया मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन



**सोनीपत।** कांग्रेस भवन में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक साधारण परिवार से देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने तक का सफर अपनी मेहनत और लगन से तय किया है। उनका जीवन समाज के वंचित वर्गों के लिए प्रेरणादायक है। जिला महासचिव विनोद कुमार उर्फ बिन्नी भारद्वाज ने उनके योगदान को अतुलनीय बताया। जिला सचिव कुलदीप देशवाल ने कहा कि उनकी प्रभावशाली वक्तव्य शैली और तर्कों का राजनीतिक क्षेत्र में विशेष महत्व है। कार्यक्रम में जिला कार्यालय प्रभारी प्रेमनारायण गुप्ता, पूर्व सचिव के.सी. बतरा तथा सेवादल जिला महासचिव विशाल सौदा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर अधीक्षण अभियंता के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

एचएसआईआईडीसी बड़ी की बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मंगलवार को बड़ी इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन ने अधीक्षण अभियंता मनिन्द्र कादियान के साथ बैठक की। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की कमी है। ऐसे में अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती, 24 घंटे उपलब्ध रहने वाली ब्रेकडाउन टीम और बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के लिए अलग दल गठित किया जाना जरूरी है, ताकि बिजली संबंधी खराबियों का शीघ्र समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में अधिकांश जीओ स्विच खराब होने के कारण किसी एक इकाई में खराबी आने पर पूरे 11 केवी फीडर की बिजली बंद करनी पड़ती है, जिससे सभी उद्योग प्रभावित होते हैं। उन्होंने दिल्ली डिस्काम माडल पर निजी एजेंसी के माध्यम से जीओ स्विचों की मरम्मत और बदलवाने, सभी फीडरों का सर्वे कर उन पर समान रूप से बिजली लोड ट्रांसफर करने की मांग की। उन्होंने उक्त सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने की मांग उठाई ताकि औद्योगिक क्षेत्र में अनावश्यक शटडाउन कम हो और उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।


गन्नौर। बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता मनिन्द्र कादियान को बुका भेंट करते बड़ी इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### खंड स्तरीय खेलकूद में ब्रह्मशक्ति स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**खरखौदा।** ब्रह्मशक्ति स्कूल थाना कलां के छात्र-छात्राओं ने खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्य रामबीर सिंह ने बताया कि अंडर -17 वर्ग में 12 वीं कक्षा की छात्रा शिवानी ने ट्रिपल जंप में प्रथम, 11वीं की रिया ने शॉट पुट में प्रथम, वैष्णवी ने हाई जंप में द्वितीय तथा लक्षिता ने लॉन्ग जंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र कपिल ने हाई जंप में प्रथम तथा भविष्य ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर -14 वर्ग में विद्यालय की खो-खो टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ी युवराज, प्रियांशु एवं वीर का जिला स्तरीय खो-खो टीम के लिए चयन हुआ है। प्राचार्य रामबीर सिंह ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## टिफिन बैठकों में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा एसआईआर और बूथ समितियों पर हुआ मंथन

- नेहरा ने कार्यकर्ताओं को दिए संगठन मजबूत करने के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सोनीपत लोकसभा मन की बात कार्यक्रम के संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने मंगलवार को गन्नौर विधानसभा के टेहा शक्ति केंद्र पर आयोजित टिफिन बैठकों में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। बैठकों में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। टेहा शक्ति केंद्र की बैठक की अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रमुख दिनेश स्वामी तथा झरोटी शक्ति केंद्र की बैठक की अध्यक्षता सरपंच जोगेंद्र दहिया ने की। इस दौरान आजाद सिंह नेहरा ने बूथ अध्यक्षों एवं बीएलए-2 से संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठन को मजबूत बनाना पार्टी की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तथा जन-जन तक संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों को पहुंचाएं।


गन्नौर। संयोजक आजाद सिंह नेहरा शक्ति केंद्र पर टिफिन बैठकों में भाग लेते हुए।

### सत्संग में योगी रविकांत ने दिया आत्मकल्याण का संदेश



**सोनीपत।** शिव मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में चल रहे तीन दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का मंगलवार को समापन हुआ। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में नर्मदा तट स्थित अपनों की कुटिया के संस्थापक एवं संचालक आध्यात्मिक गुरु योगी रविकांत जी ने श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन, मानव कल्याण और वर्ण व्यवस्था के आध्यात्मिक स्वरूप पर विस्तार से संबोधित किया। योगी रविकांत जी ने कहा कि प्रत्येक प्राणी में चारों वर्ण स्वाभाविक रूप से विद्यमान हैं। यदि मनुष्य इन गुणों का उपयोग केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के हित और सेवा के लिए करे तो वह जीवन रूपी भवसागर को पार कर सकता है। उन्होंने कहा कि वास्तविक सुख धन-संपत्ति में नहीं, बल्कि सदाचार, निष्काम कर्म, प्रेम, करुणा, संयम और परोपकार में निहित है। उन्होंने श्रद्धालुओं से सात्विक सोच, नैतिक मूल्यों और जरूरतमंदों की सेवा को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## 75 लाख की लागत से वार्ड-7 में बनेगा आधुनिक सामुदायिक केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

नगरपालिका के वार्ड-7 में 75 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आधुनिक सामुदायिक केंद्र का विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। करीब 750 वर्गगज भूमि पर बनने वाला यह केंद्र क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए एक स्थायी सुविधा उपलब्ध कराएगा। विधायक कादियान का स्थानीय लोगों ने फूलमाला से स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि बढ़ती आबादी के साथ सामुदायिक सुविधाओं की आवश्यकता भी बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। इसके बनने से लोगों को धार्मिक कार्यक्रम, सामाजिक बैठकें और अन्य आयोजनों के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने सामुदायिक केंद्र की सौगात पर विधायक का आभार जताया और उन्होंने शहर व वार्ड से जुड़ी समस्याओं से भी अवगत कराया। जिस पर विधायक ने समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अमित त्यागी, पार्षद दिनेश अदलखा, पार्षद अजय सरोहा,नेत्रपाल, अंकित मल्होत्रा, हरीश नंबरदार, यशपाल त्यागी, सुनील पटवारी, नंदकिशोर, शिवराज त्यागी, हरीश त्यागी, सुरेश त्यागी, उमेश त्यागी, डा. जयबीर, अशोक त्यागी, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### वैज्ञानिक दृष्टिकोण : विज्ञान प्रदर्शनी बस पहुंची गोहाना

**गोहाना।** पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र की भ्रमणशील बस मंगलवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहर में पहुंची। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना था। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद के विज्ञान आउटरीट प्रोग्राम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विज्ञान संग्रहालय परिषद से विज्ञान संचारक विष्णु ने बच्चों को विज्ञान का महत्व समझाया एवं उपकरणों की जानकारी दी। उन्होंने विज्ञान के अनेक सिद्धांतों को मनोरंजन अंदाज में समझाया। कार्यक्रम में प्रवक्ता सुदेश, प्रवक्ता सरोज, सुमन, रिचा, ज्योति और अजमेर ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। यह बस अन्य विद्यालयों का भी भ्रमण करेगी।

## एलएडीसी के नए नियमों के विरोध में अधिवक्ताओं ने उठाई आवाज



**सोनीपत।** लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) के नए नियमों के विरोध में जिला बार एसोसिएशन, सोनीपत ने नाराजगी जताई है। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान कमल हुड्डा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि नए प्रावधानों के कारण सरकारी मुकदमों का कार्य कुछ चुनिंदा अधिवक्ताओं तक सीमित हो गया है, जिससे बड़ी संख्या में वकीलों की आजीविका प्रभावित हो रही है। कमल हुड्डा ने बताया कि 19 जुलाई को पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल और पंजाब ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने कानून मंत्री से मुलाकात कर एलएडीसी नियमों में संशोधन, सेंट्रल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को हरियाणा में लागू करने तथा अधिवक्ताओं के लिए बीमा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पहले लीगल एड पैनल में 40 से 50 अधिवक्ताओं को शामिल किया जाता था, जबकि अब केवल चार से पांच अधिवक्ताओं का पैनल बनाया जा रहा है।

### विद्यार्थियों को करियर चयन की दी जानकारी




**खरखौदा।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटोला, में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के 68 विद्यार्थियों तथा 4 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगार एवं करियर के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला रोजगार अधिकारी मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 10 वीं एवं 12 वीं के बाद अपने भविष्य का चयन सदैव अपनी रुचि, योग्यता और प्रतिभा के अनुरूप करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी अभिरुचि के आधार पर लक्ष्य निर्धारित करके पूरी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ उसे प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

### अब विद्यार्थियों को विज्ञान, नवाचार और शोध आधारित परियोजनाओं के लिए करेंगे प्रेरित

# वैज्ञानिक सोच विकसित करने को शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईआरएडीए) के तत्वावधान में कुरुक्षेत्र के पैनोरमा एंड साइंस सेंटर में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) पर प्रदेश स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें सोनीपत के पांच शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के बाद ये शिक्षक राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध आधारित परियोजनाओं और नवाचार के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यशाला में विज्ञान शिक्षा, करियर निर्माण, सतत विकास, अनुसंधान और नई शिक्षा नीति के तहत कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिससे विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित हो सके।


सोनीपत। कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रदेश स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में पहुंचे सोनीपत के शिक्षक।

#### खास बातें

- ▶▶ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक ज्ञान उत्पत्ति व सोच को बढ़ावा देने की दिशा में कदम, गुरुजी ने कुरुक्षेत्र में लिया प्रशिक्षण।
- ▶▶ कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवीन विचारों को बढ़ावा देंगे शिक्षक।

#### अनुसंधान-उन्मुख वैज्ञानिक गतिविधियों के सीखे तौर-तरीकें

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। अब यह शिक्षक विद्यार्थियों का उनके आसपास की समस्याओं को कैसे पहचानने, सालाना थीम के अनुसार रिसर्च पर आधारित साइंटिफिक प्रोजेक्ट कैसे तैयार के प्रति मार्गदर्शन करेंगे। साथ ही शिक्षकों को अनुसंधान-उन्मुख वैज्ञानिक गतिविधियां करने के लिए प्रेरित व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के तरीकों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के उद्देश्यों, ढांचे, अलग-अलग चरणों, मूल्यांकन प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार स्कूल स्तर पर वैज्ञानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने से विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक सोच, नवाचार, समस्या सुलझाने की क्षमता विकसित करने में मदद मिल सकती है।

#### एनसीएससी विद्यार्थियों की शोध क्षमता कौशल, दृष्टिकोण को देगी बढ़ावा

आईआरएडीए के सचिव एवं राष्ट्रीय बाल कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक राजपाल पंचाल के अनुसार एनसीएससी देश के प्रतिष्ठित विज्ञान कार्यक्रमों में से एक है। यह बच्चों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने, शोध-आधारित शिक्षा में शामिल होने के लिए एक मजबूत प्लेटफार्म देता है। इस प्रयास के अंतर्गत विद्यार्थी अपने आसपास के माहौल से जुड़ी असल जिंदगी की समस्याओं का अध्ययन कर डेटा एकत्रित व विश्लेषण कर सकेंगे। यह प्रक्रिया उनकी शोध क्षमता, कौशल, रचनात्मकता, अवलोकन, विश्लेषणात्मक सोच, अभिनव दृष्टिकोण को बढ़ावा देगी। इस वर्ष की मुख्य थीम पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के समझदारी भरे इस्तेमाल, जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, जैव-विविधता की सुरक्षा, कचरा प्रबंधन, सतत विकास के लिए अभिनव वैज्ञानिक समाधान खोजने पर केंद्रित है।


**ग्राम पंचायत जौली**
**खंड गोहाना, जिला सोनीपत**
**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जौली में पक्की चौपाल को कंडम घोषित करवाया गया है जिसके लिए खुली बोली दिनांक 04.08.2026 को प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत जौली बाल्मिकी चौपाल में करवाई जानी है। बोलीदाता को 10000/- रूपये की अग्रिम राशि बतौर सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। नीलामी की शर्तें व नियम मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत जौली
ब्लॉक गोहाना (सोनीपत)
मो.नं. 9992650776

**न्यायालय श्री हेमन्त कुमार तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी/द्वितीय श्रेणी, गोहाना।**
**केस नं.** : 555/NT, **तिथि दायरा** : 01.04.2025
तिथि पेशी : , **किस्म मुकदमा** : तकसीम
**मौजा** : बरोदा मोर
**अनुमान :-**
जगदीश पुत्र जयनारायण पुत्र जगराम निवासी गांव बरोदा मोर, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत।
...पक्ष-अव्वल
बनाम
1. राजबीर पुत्र केलापति पुत्र जागराम 2. धर्मपाल पुत्र जागराम उर्फ जगु पुत्र चेतराम 3. जलजीत 4. रमेश पुत्रांन जयनारायण पुत्र जगरान 5. निर्मला देवी विधवा 6. संदीप 7. प्रदीप कुमार पुत्रान सज्जन सिंह पुत्र जयनारायण 8. जयभगवान पुत्र जयनारायण पुत्र जगराम 9. अरूण 10. अनिल पुत्रान ईश्वर सिंह पुत्र जगराम उर्फ जगु सभी निवासीगण गाँव बरोदा मोर, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत खेवट नं0 785//618 खतौनी नं0 828 कुल रकबा 85 कनाल 13 मरले वाक्या गाँव बरोदा मोर, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत। ...पक्ष-दोयमगण
क्रमांक / आर. दिनांक
**नोटिस बनाम फरीक दोयमगण**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त केस अनुमान इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो फरीक दोयम का दुरूस्त पता ना होने का कारण फरीक अव्वल के वकील द्वारा अखबारी प्रकाशन किया जाना है। इसलिए अखबार में प्रकाशन के जरिए फरीक दोयमगण को सूचित किया जावे कि उपरोक्त केस की आगामी तिथि 25.09.2026 निश्चत है उपरोक्त फरीक दोयमगण जहाँ भी रहते निश्चित तिथि पेशी तक असालतन या वकालतन न्यायालय हाजिर आवे। अन्यथा उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जावेगी।
हस्ता/- सहायक कलैक्टर
प्रथम / द्वितीय श्रेणी, गोहाना।

## खबर संक्षेप

### दो व्यक्तियों ने किया मरणोपरांत नेत्रदान

**सोनीपत।** महात्मा आशा नन्द वधवा हिन्दू मंच सोनीपत की ओर से दो व्यक्तियों के मरणोपरांत नेत्रदान करवाए गए। मंच की प्रेरणा से दो परिवारों ने आगे आकर मरणोपरांत नेत्रदान की सहमति देकर सामाजिक समरसता और मानव सेवा का संदेश दिया।

यह नेत्रदान संस्था के प्रधान हरिचंद स्नेही, महासचिव हर भगवान रहेजा और संयोजक हंस राज वधवा के मार्गदर्शन और दृष्टि सेवा समिति के सहयोग से संपन्न हुआ। डॉ श्रॉफ आई बैंक से नरेंद्र लोहमोर और उनकी टीम ने नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कराया।

### विद्यार्थियों का डी.फार्मा परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** कामी रोड स्थित पीएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने हरियाणा स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन द्वारा आयोजित डिप्लोमा इन फार्मेसी (डी. फार्मा.) प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। द्वितीय वर्ष में अश्वनी कुमार ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। मुस्कान ने 74.09 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा संदीप ने 73.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रथम वर्ष में अमित ने 73.8 प्रतिशत अंक लेकर पहला, किरण ने 72.7 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा और हर्ष राठी ने 72.5 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### बॉक्सिंग में मनोदेव स्कूल की छात्रा रीचा प्रथम

**खरखौदा।** मनोदेव इंटरनेशनल स्कूल की मेधावी छात्रा रीचा ने ब्लॉक स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। इस उपलब्धि से पूरे मनोदेव परिवार में खुशी की लहर है। रीचा की इस शानदार जीत पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और सभी साथियों ने हार्दिक बधाई दी। प्रिंसिपल भावना ने कहा कि यह उपलब्धि अनुशासन, मेहनत और खेल भावना का परिणाम है।

## बिजली समस्या को लेकर निगम के एमडी को भेजा पत्र, समाधान की गुहार

# टूटी तारें, झूलते खंभे और दूषित पानी की समस्या से जूझ रहा 'विशाल नगर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विशाल नगर में मूलभूत सुविधाओं के लिए क्षेत्रवासियों को उच्च अधिकारियों के दरवाजे खटखटाने पड़ रहे हैं। क्षेत्र में खस्ताहाल बिजली की तारों को हटवाकर सिंगल कॉर केवल लगवाने, टूटा खंभा बदलवाने के लिए करीब एक डेढ़ माह में एसडीओ से लेकर एक्सईएन, मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुके कॉलोनी वासियों की समस्या का आज तक समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में कॉलोनी वासियों ने मिलकर अब उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) के नाम पत्र लिखकर समाधान की गुहार है, ताकि उनकी समस्या पर सुनवाई हो सके। हालांकि इससे पहले कॉलोनी वासी मूलभूत सुविधाओं के लिए 29 जून को सड़क पर जाम लगाकर प्रशासन को भी अपनी समस्याओं के प्रति चेता चुके हैं। जिस पर अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को जल्द समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन देकर डेढ़ घंटे बाद जाम खुलवाया था।



**सोनीपत।** विशाल नगर में बिजली व पेयजल से परेशान घरों के बाहर खड़े कॉलोनी वासी। फोटो : हरिभूमि

### कम वोल्टेज भी कर रही परेशान

कॉलोनी वासी हरदीप सिंह, सुमित कुमार, राहुल, तारावती, नविता, सुमित्रा, शीला, सावित्री, सतनारायण, विकास, धनपति ने बताया कि बिजली निगम की ओर से कॉलोनी में कई साल पहले तारे बदलवाने का कार्य किया था। इससे सभी घरों में डोमेस्टिक कनेक्शन दिए गए हैं। अब यह तारे वक्त के साथ काफी पुरानी हो गई हैं, जो कभी भी हीट होकर शॉर्ट-सर्किट होने से टूट या जल जाती है। बिजली के मेन तार जलने से आए दिन क्षेत्र में बिजली संकट बना रहता है। समय-समय पर शॉर्ट-सर्किट होने से लोगों की जान माल का खतरा बना रहता है। इसके अलावा क्षेत्र में कम वोल्टेज आने से उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। पूरी-पूरी रात गर्मी में रहकर गुजारनी पड़ती है। इसके लिए बार-बार अधिकारियों को शिकायत करनी पड़ती है। साथ ही गली नंबर 8 में काफी दिन से टूटा खंभा हादसे को न्योता दे रहा है। उक्त खंभे पर एंगल लगाकर लीपापोती की गई, जिसे बदलवाने की कई बार मांग की गई। कॉलोनीवासियों ने 30 जून को बिजली निगम कार्यालय में एसडीओ को अपना मांग पत्र सौंपा था। इसके बाद 6 जुलाई को निगम के एक्सईएन को भी समस्या से अवगत करवाया गया है।

### कार्रवाई न होने पर विद्द्युत लोकपाल और लोकायुक्त को देंगे शिकायत



लोगों ने बताया कि विशाल नगर में बिजली के तार बार-बार गर्म होकर शॉर्ट-सर्किट हो रहे हैं। इससे आए दिन कॉलोनी में बिजली की समस्या बनी रहती है। समस्या का स्थायी समाधान करवाने के बजाय कर्मचारी खानापूर्ति कर चले जाते हैं। ऐसे में उनके क्षेत्र में बिजली की तारों को बदलवाकर सिंगल कोर केबल लगवाई जाए, ताकि उन्हें समस्या से निजात मिल सके। समस्याओं को लेकर वह कई बार शिकायत दे चुके हैं। अधिकारी अब शिकायत करने पर मीटर के लोड चेक करने की धमकी देते हैं। जिन बिजली के मीटर में एमडीआई फीचर्स दिए गए हैं, उन सभी उपभोक्ताओं के घर में घुसकर नियमानुसार लोड चेक नहीं किए जाने का प्रावधान है।

### दोनों क्षेत्रों में सीवर का पानी पेयजल के साथ आ रहा, बीमारियों का खतरा बढ़ा

वेस्ट रामनगर, दहिया कॉलोनी व विशाल नगर वासियों ने करीब दो माह से हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान करवाने के लिए उपायुक्त को शिकायत दी है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि दोनों क्षेत्रों में सीवर का पानी पेयजल के साथ आने से बीमारियां बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है। अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उनकी मांग है कि सेक्टर-23 बूस्टर पर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करवाया जाए। साथ ही पेयजल आपूर्ति के समय में सुधार करवाया जाए। बूस्टर पर कम एचपी की मोटर को बदलवाया जाए। इसके अलावा क्षेत्रों के व्हाट्सग्रुप में पेयजल आपूर्ति संबंधी जानकारी मुहैया करवाई जाए।

## न्यूज डायरी

### ईश्वर स्कूल के छात्रों ने जीते 9 स्वर्ण पदक



**गोहाना।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान हासिल करके 9 स्वर्ण पदक कब्जा लिए। खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो और बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। विजेताओं को स्कूल के एमडी अनिल मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक ने सम्मानित किया। शैक्षणिक खंड गोहाना की खंडस्तरीय ताइक्वांडो और बॉक्सिंग प्रतियोगिताएं 21 जुलाई को रॉयल हरियाणा अकादमी, विष्णु नगर, गोहाना में सम्पन्न हुईं। प्रतियोगिताओं में खंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के उदमीयमान खिलाड़ी कक्षा छठी के हनी, अंश, आदित्य, भाविक और कक्षा 7वीं के परमवीर जबकि बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं के आयुष मलिक, देव मलिक, अक्षित और कक्षा छठी के विराट ने प्रथम प्राप्त करके स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिए। खंड स्तरीय खेलों में कोच अनिल शर्मा ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

### रेणु विद्या मंदिर में स्वच्छता पखवाड़े में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**राई।** बहालगढ़ स्थित रेणु विद्या मंदिर में भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई), नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वच्छता पखवाड़े एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के पहले दिन स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संस्थान की प्रेरणास्रोत रेणु गुप्ता ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने शिक्षकों, कर्मचारियों और दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर परिसर एवं आसपास पौधे लगाए। विद्यार्थियों को शौचालयों की स्वच्छता एवं रखरखाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

### एमडी स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, जिला स्तर के लिए किया क्वालीफाई



**गन्नौर।** खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर कई खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए अपना स्थान पक्का किया। स्कूल के निदेशक जोगिंद मलिक व प्रधानाचार्य अंजु मलिक ने बताय कि विद्यालय की अंडर-19 बालक कबड्डी टीम ने पूरे गन्नौर खंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वहीं छात्र कार्तिक पुत्र आनंद ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि लंबी कूद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। गांव तेवड़ी निवासी गौरव पुत्र जगदीश ने 61 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित की।

### जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की कृतिका देओल बनीं यूनिवर्सिटी टॉपर



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने बीए (ऑनर्स) भूगोल प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर मई-2025 परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। कॉलेज की छात्रा कृतिका देओल ने 1100 में से 967 अंक (87.91 प्रतिशत) प्राप्त कर यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं साक्षी ने 966 अंक (87.82 प्रतिशत) के साथ दूसरा और निकिता ने 945 अंक (85.91 प्रतिशत) लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। परीक्षा परिणाम में स्वाति, लिपिका, किरण, मधु, तनिषा, नैंसी, रितिका, दीपांशी और प्रज्ञा ने भी विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाकर कॉलेज का गौरव बढ़ाया।

## शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का विकास करना : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

■ विधि विभाग में नवप्रवेशी छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाली नवप्रवेशी छात्राओं के लिए विवि स्तर पर इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विवि की शैक्षणिक व्यवस्था, नियमों, उपलब्ध सुविधाओं एवं विभिन्न शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराना था, ताकि वे अपने नए शैक्षणिक जीवन की शुरुआत आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने छात्राओं से अनुशासन, समय का सदुपयोग, नैतिक मूल्यों तथा निरंतर सीखने की भावना को अपनाने का आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि विवि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं कौशल विकास के लिए उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध करा रहा है। मंच संचालन डॉ. आशीष ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सीमा दहिया ने किया।



## कुलपति ने बीएएमएस प्रोफेशनल परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के एमएसएम आयुर्वेदिक कॉलेज में सोमवार से बीएएमएस अंतिम प्रोफेशनल की परीक्षाएं प्रारम्भ हो गई। पहले दिन विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुलपति ने निरीक्षण के दौरान छात्राओं को उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं अनुशासित ढंग से सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी छात्रा को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी तथा यदि कोई समस्या सामने आती है तो उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. नरेंद्र हुड्डा और एमएसएम आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एपी नायक भी उनके साथ उपस्थित रहे।

### अदिति श्योराण को मिला अचीवर्स अवार्ड



**गन्नौर।** गांव दुभेटा की प्रतिभाशाली क्रिकेटर अदिति श्योराण को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 7वें एंटरप्रेन्योर एंड अचीवर अवॉर्ड्स-2026 से सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ के सेक्टर-31 स्थित पीएचडी चैंबर में आयोजित समारोह में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह तथा ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर अल्बा स्मेरिग्लियो ने अदिति को यह सम्मान प्रदान किया। अदिति पिछले चार वर्षों से चंडीगढ़ प्रशासन की सेक्टर-16 स्थित क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं और वह इस अकादमी की पहली महिला प्रशिक्षु हैं।

## विद्यार्थी और जन-विरोधी है सरकार : दिवान

### नीट अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में बरसे जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट में कथित धांधली और अनियमितताओं के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज तथा आंदोलनकारियों की बिगड़ती सेहत को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने आरोप लगाया कि सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन में शामिल सोनम वांगचुक अन्य छात्रों के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं और उनकी तबीयत खराब होने के बावजूद सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। कमल दिवान ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह विद्यार्थी-विरोधी और जन-विरोधी है, जो युवाओं के भविष्य को रौंदने पर तुली हुई है।

#### कांग्रेस युवाओं से साथ खड़ी



कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, सबसे पहले युवाओं और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी। शिक्षा व्यवस्था को कलंकित करने वाले पेपर लीक जैसे मामलों पर स्थायी रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे और किसी भी कीमत पर युवाओं के भविष्य तथा उनकी मेहनत के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने जनता के सब्र का बांध अब टूट चुका है और आने वाले चुनावों में वह इस तानाशाही का मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस जल्द ही विद्यार्थियों और किसानों के समर्थन में धरना देगी।

### खो-खो में कल्पना चावला विद्यापीठ के खिलाड़ी प्रथम

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय लड़कों की खेलकूद एवं योग प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर- 14 वर्ग की खो-खो टीम के छात्रों ने अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं योग प्रतियोगिता में अंडर -14 के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान और अंडर -17 में भी विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स स्पर्धाओं अंडर -17 वर्ग में दक्ष ने 400 मीटर में दौड़ में प्रथम और कार्तिक ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया इसके अलावा अंडर -14 वर्ग में रक्षित ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम और निकसेत ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## एडीसी की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों पर जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाई की हुई समीक्षा बैठक

# लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ पहुंचाने की तैयारी, 25 जुलाई तक सत्यापन के निर्देश

### डीडीएलएलवाई व पाठ्य पुस्तकों के युक्तिकरण से संबंधित प्रगति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए कक्षा 2, 3 व 4 के छात्रों का चयन वार्षिक मूल्यांकन के परिणामों के आधार पर किया गया है। शिक्षकों को साझा की गई शीट का उपयोग करके चयनित छात्रों के नामांकन विवरण का सत्यापन करना आवश्यक है। वह सुनिश्चित करें कि पात्र छात्रों का सत्यापन तय समय-सीमा के भीतर सही ढंग से पूरा करवाया जाए। योजना का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचाने में देरी से बचने के लिए सभी लंबित सत्यापन कार्य 25 जुलाई तक पूरे किए जाएं।



**सोनीपत।** लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में जिला, खंड व समग्र शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करते अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार विभिन्न पहलुओं पर प्रगति की समीक्षा करने के लिए जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाई (डीपीआईयू) की बैठक सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में हुई। बैठक में निपुण हरियाणा मिशन सहित अन्य प्रमुख कार्यक्रमों के कार्यान्वयन पर विशेष चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना (डीडीएलएलवाई) की विस्तृत समीक्षा के साथ प्रारंभ की गई। तत्पश्चात विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों की डिलीवरी, उनके युक्तिकरण से संबंधित प्रगति पर समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी छात्रों को बिना किसी देरी के पाठ्य पुस्तकें मुहैया करवाई जाएं। पाठ्य पुस्तकों का युक्तिकरण कुशलतापूर्वक पूरा किया जाए, ताकि किसी भी स्कूल में पुस्तकों या शिक्षण सामग्री की कमी न हो। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, उप जिला शिक्षा अधिकारी सरिता, जिला परियोजना समन्वयक कृष्णा खत्री, जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अत्तर सिंह, जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन समन्वयक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 8 स्कूलों में विजिट न होने पर जताई चिंता

अजय चोपड़ा ने बताया कि मई 2026 के लिए स्कूल विजिट का अनुपालन सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के लिए अच्छा रहा। जिले के सभी 7 ब्लॉकों के मेंटर्स का अनुपालन सराहनीय रहा। उन्होंने जिला पर्यवेक्षण टीम (डीएसटी) के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि समीक्षा अवधि के दौरान किसी भी डीएसटी सदस्य ने शून्य विजिट दर्ज नहीं की। हालांकि उन 08 स्कूलों के बारे में चिंता व्यक्त की गई, जहां 60 दिनों से ज्यादा समय से कोई विजिट नहीं की गई। इनमें गन्नौर के 3, गोहाना के 2, राई के 2 व सोनीपत का एक स्कूल शामिल रहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ऐसे स्कूलों में नियमित शैक्षणिक सहायता, निगरानी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल विजिट योजना तैयार करें। जिले में निपुण हरियाणा पेरेंट्स ऐप के उपयोग की धीमी प्रगति से असंतुष्टता जाहिर की गई, जो कि 18 जुलाई तक केवल 3.07 प्रतिशत रही। बैठक में निपुण हरियाणा पेरेंट्स ऐप के माध्यम से अभिभावकों की भागीदारी की स्थिति पर भी प्रकाश डाला गया। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, स्कूल प्रमुखों को कहा कि वह जागरूकता अभियान तेज करें। अभिभावकों को एप्लिकेशन डाउनलोड करने, सक्रिय रूप से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। नियमित अभिभावक-शिक्षक बैठकों, स्थानीय आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी को मजबूत बनाएं।